हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
24 दिसंबर 2022, बरेली

PAGE NO 5 : TOP RIGHT

स्टेडियम में शुक्रवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

बरेली के जुनैद और विशाल का जीत से आगाज

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। डॉ अखिलेश दास गुप्ता स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुक्रवार को आगाज हो गया। यूपी के लिए खेलते हुए बरेली के जुनैद अंसारी और विशाल पचनन्दा ने पहले राउंड में बाई मिलने के बाद दूसरे राउंड में जीत हासिल की।

स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार से क्वालीफाइंग राउंड के मैच शुरू हो गए। यह मैच 25 दिसंबर तक चलेंगे। पुरुष एकल में आदित्य चौहान, साहस कुमार, पीयूष कुमार, सिद्धांत ठाकुर, बल्लभ जोशी, अविनाश सिंह, राहुल, उदय, पवन कुमार, आयुष श्रीवास्तव, सतीश कुमार, शिवम श्रीवास्तव, देवांश आदि ने भी जीत हासिल कर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। महिला डबल्स में युति और निशा, नैना और अनिका, पलक और शिखा, सौम्या और माही, शुभांगी और अंशिका की जोड़ी ने जीत हासिल की।

इससे पहले स्टेडियम में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल व सीडीओ जग प्रवेश जबकि एसआरएमएस में ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अध्यक्ष डीएल खट्टर, बसंत चतुर्वेदी, अनिल मेहरोत्रा, राकेश टंडन, जगदीश खंडेलवाल, गौरव भसीन, संजीव मित्तल, देवेंद्र थापा आदि मौजूद रहे।